# डीबी डिजिटल मीडिया

DB NEWS A Digital Media खबरें ऐसी जो याद रहे

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-06 ■ बालोद, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# जिला अस्पताल बालोद में अब मिलेगी आधुनिक सीटी स्कैन मशीन की सुविधा

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को बालोद जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय बालोद में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के पूजा-अर्चना के पश्चात् फीता काटकर सीटी स्कैन मशीन का विधिवत् शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद में मरीजों के लिए 04 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते इसे बालोद जिले एवं अंचल के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात बताया।

इसके लिए उन्होंने संपूर्ण बालोद जिले वासियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ हो जाना स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात है।



जिला चिकिल्सालय बालोद में इसकी सुविधा प्रारंभ हो जाने से अब जिले एवं अंचल के मरीजों को सिर में चोट, स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर और अन्य मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के अलावा फेफड़ों के संक्रमण, निमोनिया, फेफड़ों के केंसर और हृदय संबंधी समस्याओं के अलावा पेट दर्द, ट्यूमर, पथरी एवं आंतो आदि की समस्याओं का पता लगाने के लिए सीटी स्कैन की सुविधा अत्यंत कारगर साबित होगा। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल एवं अतिथियों ने सीटी स्कैन कक्ष में पहुँचकर नया एवं अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का



अवलोकन किया।

इस अवसर पर उन्होंने सीटी स्कैन कक्ष बेहतर व्यवस्था की भी सराहना की। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय बालोद में रेडियोलॉजिस्ट, टेक्नीशियन एवं अन्य स्टाफ



**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया 04 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत के सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ**

के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पूर्व विधायक बीरेन्द्र साहू एवं प्रीतम साहू सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि यशवंत जैन, चेमन देशमुख, पवन साहू के अलावा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे

## गुरूर में व्याप्त स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर ।** गुरुवार को बालोद जिले के प्रवास पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का बालोद जिले की सीमा पुरूर में आगमन के दौरान गुरूर नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने उनका स्वागत सम्मान किया। साथ ही गुरूर नगर में स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न मुद्दों और समस्याओं को लेकर



उन्हें एक ज्ञापन भी दिया। जिसमें उन्होंने मांग की है कि नगर पंचायत गुरुर में निर्मित चीर घर लगभग 20 से 25 वर्षों पुरानी है, जो वर्तमान में जर्जर हो चूका है। नवनिर्मित चीर घर निर्माण कार्य हेतु राशि 35 लाख की स्वीकृति प्रदान की जाए। नगर पंचायत गुरुर क्षेत्र अंतर्गत एक भी शव वाहन नही होने से आम जनता को असुविधा होती है एवं निजी वाहनों से शव को ले जाया जाता है। शव वाहन प्रदान किया जाए। नगर पंचायत गुरुर क्षेत्र अंतर्गत एक भी शव फिजर नही होने से आम जनता को असुविधा होती है अतः शव फिजर प्रदाय की जाए

## स्वास्थ्य मंत्री ने पुरूर अस्पताल में देखी दवाइयां, मरीजों से भी जाना हालचाल

**अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 40 लाख एवं पुरूर तथा 02 अन्य उपस्वास्थ्य केन्द्रों में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 28 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की**

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर।**

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को अपने बालोद जिले के प्रवास के दौरान गुरूर विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरूर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र पुरूर में भर्ती मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुरूर में 05 अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु 40 लाख रुपये एवं बांउड्रीवाल निर्माण हेतु 18 लाख रुपये की राशि के अलावा गुरूर विकासखण्ड के दो अन्य उपस्वास्थ्य केन्द्रों में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर अस्पताल के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी ली। मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल के पंजीयन कक्ष, ओपीडी एवं अस्पताल के वार्ड का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



इस दौरान उन्होंने पंजीयन कक्ष में पहुँचकर उपस्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन इलाज हेतु आने वाले एवं अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के वार्ड में पहुँचकर भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके समुचित इलाज तथा अस्पताल में उन्हें प्रदान की जाने वाली भोजन, नाश्ता, पेयजल, दवाइयां आदि की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के शौचालय, स्नानागार आदि के व्यवस्थाओं के संबंध में भी मरीजों से जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अस्पताल में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा मरीजों के बेहतर इलाज, दवाइयां आदि सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि चिकित्सीय कार्य मानव सेवा एवं जन कल्याण के पुनीत उद्देश्यों से जुड़ा हुआ है।

इसलिए आप सभी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ मरीजों की इलाज एवं सेवा कर चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

डीबी डिजिटल मीडिया
प्रिंट मीडिया पार्टनर प्रदेश सत्ता



## समाचार संक्षेप

### वरिष्ठ साहित्यकार बलदाऊ राम साहू हिन्दी सलाहकार समिति के लिए सदस्य नामित हुए

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर ।** वरिष्ठ साहित्यकार बलदाऊ राम साहू मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति के लिए सदस्य नामित हुए हैं । वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद बलदाऊ राम साहू मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय नईदिल्ली की संयुक्त हिन्दी सलाहकार समिति के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सदस्य नामित किए गए हैं। यह सूचना उन्हें गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने दी है। ज्ञात हो कि कि बलदाऊ राम साहू एक शिक्षाविद व बाल साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक संस्थाओं में कार्य करते हुए अंत में वे सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, रायपुर के पद से फरवरी 2020 में सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके 30 से अधिक रचना संग्रह प्रकाशित हैं जिसमें 20 से अधिक बाल-साहित्य है। उनकी सुरुज नवा उगइया है छत्तीसगढ़ी ग़ज़ल संग्रह और ददरिया में लोक तत्व चर्चित पुस्तक है। वर्तमान में बलदाऊ राम साहू छत्तीसगढ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर में सदस्य हैं तथा हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष भी हैं।हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ के उपाध्यक्ष सीता राम साहू श्याम, जिला अध्यक्ष जगदीश देमुख, जिला महामंत्री द्रोण सार्वा, केशव साहू, रमेश, यादव, शिवकुमार अंगारे , डीआर गजेंद्र अध्यक्ष रचना साहित्य समिति गुरुर, कृष्ण कुमार ठाकुर आदि ने उन्हें बधाई दी है। जीके साहू उपाध्यक्ष रचना साहित्य समिति गुरुर, सेवक राम ( राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक) ने भी चयन पर हर्ष जताया



### यशवंत जैन सहित अन्य पदाधिकारियों का अभिनंदन यात्रा का आयोजन आज

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण के



पश्चात प्रथम बालोद आगमन पर यशवंत जैन का एवं भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति पर अभिनंदन समारोह का आयोजन 22 अगस्त शुक्रवार को सुबह 11बजे वाहन रैली हेतु एकत्रीकरण सरदार पटेल मैदान बालोद निर्धारित था। दोपहर 01 बजे भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा में अभिनंदन समारोह होना है। समस्त जिले में निवासरत प्रदेश/ जिला/ मंडल के पदाधिकारी, पूर्व विधायक, मोर्चा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, समस्त शैक्षिक संस्थाओं के नियुक्त अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष समस्त वरिष्ठ नेतागण एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण इस सूचना को आमंत्रण स्वीकार कर अपनी उपस्थिति प्रदान करने की अपील चेमन देशमुख अध्यक्ष,राकेश यादव सौरभ लुनिया महामंत्री ने दी।

# जिला अस्पताल बालोद में विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष एवं चेयरमेन इंडियन रेडक्रास सोसायटी रायपुर छत्तीसगढ़ तोमन साहू ने गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को जिला अस्पताल बालोद की ज्वलंत समस्या को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में जिला अस्पताल में लंबे समय से एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, गायनेकोलॉजिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टरों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की गई है।उपाध्यक्ष तोमन साहू ने बताया कि जिला अस्पताल बालोद पूरे जिले सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का मुख्य स्वास्थ्य केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज हेतु पहुँचते हैं। किंतु विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को धमतरी, दुर्ग अथवा रायपुर जैसे अन्य जिलों में रेफर करना पड़ता है, जिससे गंभीर





परिस्थिति में मरीजों को जान का जोखिम उठाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी के लिए गायनेकोलॉजिस्ट की नियुक्ति, शल्य क्रियाओं के लिए एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड एवं एक्स-रे जैसी जाँच सुविधाओं के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह समस्या आम जनता, विशेषकर ग्रामीण व गरीब तबके के लिए अत्यधिक कठिनाइयाँ उत्पन्न कर रही है। जिला अस्पताल हेतु एनेस्थीसिया विशेषज्ञ एवं पूरूर उपस्वास्थ्य केंद्र हेतु एंबुलेंस की तत्काल की गई घोषणाउक्त मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला हॉस्पिटल बालोद के लिए एनेस्थीसिया (निश्चेतना ) विशेषज्ञ की तत्काल नियुक्ति एवं बालोद जिला अंतर्गत विकासखंड गुरुर के उप स्वास्थ्य केंद्र पूरूर हेतु एक एंबुलेंस की घोषणा जिला अस्पताल में आयोजित उद्घाटन समारोह के बीच में की। मंत्री की इस घोषणा पर उपस्थित जन समुदाय ने खुशी जाहिर की है। इस अवसर पर उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार शीघ्र कार्यवाही कर जिला अस्पताल बालोद में आवश्यक विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना सुनिश्चित करेगी, ताकि जिले की जनता को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें

# डौंडीलोहारा पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल का भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में हुआ स्वागत

**डीबी डिजिटल मीडिया डौंडीलोहारा**

बालोद जिले के प्रवास पर रहे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल डौंडीलोहारा भी पहुंचे थे। इस दौरान लोहारा भाजपा मंडल की अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उन्हें लोहारा क्षेत्र और नगर में व्याप्त स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। इसमें खास कर नगर में ओपीडी व्यवस्था पुराने अस्पताल में शुरू करने की मांग प्रमुखता से रखी गई । तो साथ ही अस्पताल में बाउंड्री वाले निर्माण के लिए 30 लाख स्वीकृति देने की मांग की गई तो वहीं अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग भी श्रीमती शर्मा के द्वारा की गई। ब्लॉक के सभी अस्पतालों में भी बाउंड्री वॉल बनाए जाने की मांग भी की गई है।

### डौंडी लोहारा आगमन पर भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

बालोद जिला अस्पताल में सीटीस्कीन मशीन का उद्घाटन के बाद संबंधित अधिकारियों से बैठक आवश्यक निर्माण कार्य व विभागीय कार्यों का समीक्षा मंत्री ने की । पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाक़ात किये। जिसके बाद बालोद भाजपा पूर्व जिला महामंत्री व राज्य पिछडा



वर्ग आयोग पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के गृह नगर डौंडी लोहारा पहुंच कर पुराना बस स्टैंड में स्थित उनके निवास जहां पर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा फटाका फोड कर फुलमालाओं से भव्य स्वागत किया। महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंत्री की आरती व तिलक लगाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, लता गुप्ता,मंडल महामंत्री सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी,जिला कार्यकारिणी सदस्य गैंद मल भंसाली, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा,जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर,मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षद ममता यादव,बालोद भाजयुमो नेता अरुण उपाध्याय,मछुआरा प्रकोष्ठ के शिव कुमार धरमगुडे,महेन्द्र जायसवाल, यतेंद्र देवांगन, मंडल कोषाध्यक्ष मोहननिषाद डोमेन्द ज्ञानू राजपूत जीवराखन कौमार्य, प्यारे निषाद,रवि लोढा, धिरेन्द्र टांक, हिरेन्द्र गायकवाड, प्रकाश जैन, उत्तम मालेकर, धीरज जैन,बलदाऊ सेन मनोज साहू भारती जायसवाल, अल्पा जायसवाल, मंयक, सहित अनेक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित थे।

## सरपंच, सचिव ने किया स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण, मध्याह्न भोजन का स्वाद चखा

**डीबी डिजिटल मीडिया अर्जुंदा।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोड़ेला में सरपंच वागीश बंजारे और सचिव लीलाधर साहू ने बुधवार को गांव के प्राइमरी और मिडिल स्कूल पहुंचकर मध्याह्न भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए उन्होंने स्वयं बच्चों की बीच बैठकर भोजन किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में आलू मटर की सब्जी बनी हुई थी। साथ ही दाल, पापड़ और सलाद भी बच्चों को दिया गया था। भोजन की गुणवत्ता सही पाई गई। सरपंच, सचिव दोनों ने भोजन समिति, रसोइयों और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरपंच ने बताया कि स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन खाकर मन आनंदित हो गया। बच्चों के बीच बैठकर स्वयं का बचपन याद आ गया। इस दौरान निरीक्षण में सरपंच, सचिव सहित रोजगार सहायक महेश निषाद, ऑपरेटर चिमन साहू भी पहुंचे हुए थे।



डीबी डिजिटल मीडिया
प्रिंट मीडिया पार्टनर प्रदेश सत्ता



# जब दोस्ती में पैसा बन गई दरार...

## ग्राम विकास समिति फण्ड की बात को लेकर विवाद कर दोस्त की कर दी हत्या, मिला आजीवन कारावास

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

बालोद कोर्ट में बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद में हुए एक हत्या के मामले में दोषी पाए गए पीनेश कुमार यादव को जज ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उनके द्वारा अपने गांव के ही किशून यादव की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। आपको जानकर यह अचरज भी लगेगा कि एक समय किशुन और पीनेश दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी। दोनों ग्राम विकास समिति में पदाधिकारी थे अध्यक्ष किशुन था तो कोषाध्यक्ष पीनेश पर दोस्ती में पैसे ने दरार पैदा कर दी। ग्राम विकास समिति में आने वाले फंड में गड़बड़ी को लेकर पीनेश द्वारा किशुन यादव से हाथापाई करते हुए मारपीट की गई। इस दौरान पीनेश ने अपने ही दोस्त को इस कदर मार दिया था कि अस्पताल पहुंचने तक उसकी मौत हो गई। मामला हत्या का बन गया और पुलिस ने पीनेश को तात्कालिक घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। अब पीनेश को अपने दोस्त की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह घटना हमें यह सबक देती है कि रिश्ते नातों में पैसों का लेनदेन सोच समझकर करना चाहिए। पैसा अक्सर परिवार तोड़ देता है, दोस्ती में दरार ला देता है तो रिश्ते भी बिखेर देता है। कई सालों की जिगरी दोस्ती को भूलकर पीनेश ने अपने ही दोस्त की मारपीट कर हत्या कर दी और अब जेल की सलाखों के पीछे हैं।


मृतक किशुन यादव

### 26 सितंबर 2022 को हुई थी घटना

एस.एल. नवरत्न, प्रधान सत्र न्यायाधीश बालोद (छ.ग.) के द्वारा आरोपी पिनेश कुमार यादव उम्र-53 वर्ष निवासी-अरौद, थाना-बालोद को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के अपराध में आजीवन कारावास एवं 500/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रकरण की पैरवी तोमन लाल साहू लोक अभियोजक के द्वारा किया गया। जिसके अनुसार घटना दिनांक 26 सितंबर 2022 के रात 8 बजे ग्राम अरौद के रंगमंच जहां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई थी, वहां ग्राम की महिलाओं द्वारा जसगीत गाया जा रहा था, उसी समय ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष किशुन यादव को आरोपी कोषाध्यक्ष पिनेश कुमार यादव समिति में रखे फण्ड की बात को लेकर मारपीट कर झगड़ा विवाद कर रहे थे।

### अस्पताल पहुंचने तक हो गई थी इस किशुन की मौत

आरोपी पिनेश कुमार यादव द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट करने से मृतक रामकिशुन यादव हांफते हुए दुर्गा प्रतिमा के सामने चल रहे जसगीत गाने वाली महिलाओं को अपने दोनों हाथों को सीना के पास मारते हुए, मारने का इशारा करते हुए जसगीत एवं माईक को बंद करने बोल रहा था, उसी समय आरोपी द्वारा पुनः रामकिशुन को हाथ थप्पड़ से एवं लात से मारपीट करने लगा। जिससे बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। रामकिशुन को सिर के बायें साईड कनपटी के पास गंभीर चोट आने से जिला अस्पताल बालोद ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जिला अस्पताल द्वारा थाना बालोद को सूचित करने पर थाना बालोद द्वारा मर्ग कायम कर मर्ग जांच की कार्यवाही किया गया। प्रार्थी प्रमोद कुमार यादव की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया तथा प्रकरण में विवेचना कार्यवाही किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत माननीय न्यायालय में दिनांक 03 दिसंबर 2022 को अभियोग पत्र पेश किया ग या । प्रकरण में आ ये प्र ब ल ए वं


हत्या का दोषी पीनेश यादव

ठोस साक्ष्य के आधार पर आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण की विवेचना निरीक्षक नवीन बोरकर के द्वारा किया गया था।

# पुरूर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री का भाजपाइयों ने किया स्वागत अभिनंदन

## आहता निर्माण को लेकर तत्काल दी 18 लाख की स्वीकृति



**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर**

गुरूर ब्लॉक के ग्राम पुरूर में बालोद जिले के प्रवास पर आए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का पुरूर आगमन पर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई तरह की समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मंत्री ने जायजा भी लिया। इस दौरान खासकर आहता निर्माण को लेकर आई मांगों पर मंत्री ने तत्काल 18 लाख रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की। साथ ही पुरूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक एंबुलेंस उपलब्ध करवाने को लेकर भी उन्होंने बात की। पैथोलॉजी लैब में एचआर के पद के लिए जन भागीदारी समिति से नियुक्ति करने की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभाग की ओर से सीएमएचओ जेएल उईके , स्थानीय बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य डॉक्टर, अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे। वहीं भाजपा नेताओं में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू,जिला पंचायत सदस्य तेज राम साहू, जनार्दन सिन्हा , यदिप साहू, राजेश सिन्हा ,हेमंत गुरुपंच, कौशल साहू, इशा प्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, टुकेश्वर पांडेय,खेमलाल देवांगन, ललिता पीमन साहू आदि मौजूद रहे। अंत में स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के सभी स्टाफ के साथ सामूहिक फोटोग्राफी भी कराई।



# नगर पंचायत डौंडीलोहारा में 2024 में स्वीकृत सभी निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे प्रशासन : लोकेश्वरी गोपी साहू

**डीबी डिजिटल मीडिया डौंडीलोहारा।** 2024 के स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय सीमा और गुणवत्ता पूर्ण करने की मांग पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू ने नगर पंचायत प्रशासन से की है। जनमानस को सभी मूलभूत सुविधाएं मिले इसलिए उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग करते हुए कहा हमारे कार्यकाल में स्वीकृत सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए। श्रीमती साहू ने कहा कि पूर्व कार्यकाल में अधोसंरचना मद अंतर्गत मेरे कार्यकाल में पूर्व कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक अनिला भेड़िया द्वारा अनुशंसित और पूर्व प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग द्वारा जनमानस और पूर्व पार्षदों के मांग अनुरूप मेरे द्वारा प्रस्तावित एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा स्वीकृत, जिनका संबंधित एजेंसियों को कार्य आदेश दिया गया है, जो कि नगर विकास के लिए लगभग 1 करोड़ 70 लाख की राशि हमारे द्वारा स्वीकृत कराई गई है। जिसमें नगर में चार स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण स्वीकृत राशि 30 लाख, पांच स्थानों पर सामाजिक भवन जिसके लिए 33 लाख की राशि, अटल चौक के लिए 20 लाख , ट्यूबलर पोल निर्माण के लिए 33 लाख, बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य के लिए लगभग 11 लाख, पाइप लाइन विस्तारीकरण के लिए 3 लाख , सीसी रोड निर्माण के लिए 6 लाख और राज्य परिवर्तित मद अंतर्गत स्वर्गीय लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम के लिए 45 लाख, जिसमें गेट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, बाउंड्री वॉल निर्माण, हाई मास्क लाइट और मैदान में घास लगाने का कार्य व सेड निर्माण कार्य शामिल है। 15वें वित्त के माध्यम से ट्यूबलर पोल के लिए 22 लाख की राशि और पाइपलाइन विस्तारीकरण के लिए लगभग 35 लाख की राशि स्वीकृत कराई गई है। जिला खनिज नियम निधि से □ 7 लाख संजय नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत कराई गई है। आंगनबाड़ी भवन के लिए 8 लाख, शौचालय मरम्मत संधारण के लिए 18 लाख और 2.0 अमृत मिशन खरखरा जलाशय जलप्रदाय योजना के लिए 32 करोड़ की स्वीकृति कराई गई है। उक्त सभी निर्माण कार्य समय सीमा में कार्य को पूरा करने की मांग नगर पंचायत प्रशासन मुख्य नगर पालिका अधिकारी और वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष से की गई है। यह मांग करने वालों में पूर्व अध्यक्ष सहित पूर्व उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, पूर्व पार्षद अनिता साहू ,झुमुक लाल कोसमा, वर्तमान पार्षद राकेश सांखला , किशोर दीवान , राजेंद्र निषाद , जुगरु बघेल शामिल हैं । सभी ने नगर विकास की बात करते हुए सभी स्वीकृत कराई गई निर्माण कार्य पूरा करने की बात कही है ताकि आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध हो।



डीबी डिजिटल मीडिया
प्रिंट मीडिया पार्टनर प्रदेश सत्ता



# हड़ताल के दिन हुए चार: एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को दिखाया तिरंगा, मांगों को लेकर आवाज की बुलंद

**डिजिटल मीडिया बालोद**

गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बालोद जिले के प्रवास पर थे। इस दौरान जब उनका बालोद नगर आगमन हुआ तो नए बस स्टैंड में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हुए एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कुछ दूर तक तिरंगा रैली के शक्ल में धरना स्थल से मुख्य मार्ग पर आकर मंत्री को तिरंगा दिखाते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। हालांकि मंत्री का काफिला वहां नहीं रुका और पुलिस वालों ने भी कर्मचारियों को सामने जाने से रोक दिया। इस बीच जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के विधायक क्रमशः संगीता सिन्हा, अनिला भेड़िया और कुंवर निषाद गाड़ी से उतरे और कर्मचारियों के पास उनकी मांगों को सुनने के लिए पहुंचे। विधायकों ने कहा कि हम भी आप लोगों की मांगों के समर्थन में है और शासन को पत्राचार कर दिए हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10



सूत्रीय मांगों (नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27% वेतनवृद्धि सहित) को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आंदोलन के चलते पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। जिला बालोद में NHM कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय बालोद बस स्टैंड में चतुर्थ दिवस में तिरंगा रैली के लिए प्रशासन से अनुमति चाही गई थी परंतु प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण बस स्टैंड में ही मानव श्रृंखला बना कर कार्यक्रम किया गया। इसके बाद कर्मचारियों के द्वारा सड़क में खड़े होकर उनका तिरंगा लहराते





हुए मंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, संरक्षक दिनेश खर्कवाल, उपाध्यक्ष प्रेम यादव, जिला सचिव यजेंद्र, पूर्व अध्यक्ष और संरक्षक रितेश साहू और सभी कर्मचारी उपस्थित थे । कर्मचारियों ने बताया कि हमने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27% वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज़ कर्मचारी अब हड़ताल पर हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आगे आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन की होंगी।

## इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप में छत्तीसगढ़ राज्य से यूथ रेड क्रॉस वॉलिंटियर की हुई रवानगी

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ राज्य से शासकीय महाविद्यालय बालोद के दो युवा वॉलिंटियर का चयन इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप हेतु हुआ है। इनमें शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एम.ए. अर्थशास्त्र के विद्यार्थी एवं यूथ रेड क्रॉस वॉलिंटियर लक्ष कुमार साहू तथा बी.एससी. तृतीय वर्ष के रेड क्रॉस वॉलिंटियर राजेश बक्शी बालोद जिले व छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे । यह प्रशिक्षण शिविर पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 22 से 28 अगस्त तक आयोजित होगा। इस इंटर स्टेट कैंप में देशभर के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए रेड क्रॉस स्वयंसेवक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कुल 23 वॉलिंटियर सहित तीन काउन्सलर डॉ. टी. आर. ठाकुर,



श्री बालाराम साहू, श्री आकाश गिरि गोस्वामी, के मार्गदर्शन मे इस शिविर में भाग लेंगे।

इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार , स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, रक्तदान जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा नेतृत्व क्षमता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के वॉलिंटियर्स द्वारा सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत छत्तीसगढ़ की लोकभाषा, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर राज्य की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित किया जाएगा। इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप का उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। यहां वॉलिंटियर न केवल आपसी समन्वय और टीम वर्क सीखते हैं, बल्कि रेड क्रॉस की मूल भावना "मानवता, सेवा और करुणा" को आत्मसात करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। शिविर में चयनित होने पर महाविद्यालय एवं रेड क्रॉस संगठन से बधाइयों का तांता लगा है । रेड क्रॉस चेयरमैन तोमन साहू, महाविद्यालय प्राचार्य डा. जे.के. खलखो, रेड क्रॉस जिला संगठक चंद्रशेखर पवार, डा. प्रदीप जैन, श्रीमती कमला वर्मा, शशी कला देशमुख, सीमा सुशील जामवन्ते ,एनुका सार्वा, दिनेश तापड़िया, शरद ठाकुर, रूपनारायण देशमुख,रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. टी. आर. ठाकुर, एनएसएस प्रभारी प्रो. जी. एन. खरे, सहित रेड क्रॉस के अन्य सदस्यो ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों चयनित वॉलिंटियर को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ 26 सदस्यीय दल का नेतृत्व डॉ.टी. आर. ठाकुर रेड क्रॉस काउंसलर करेंगे

## रंजना साहू के भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर गुरुर के भाजपायों ने भी जताया हर्ष

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरुर**

धमतरी की पूर्व विधायक और भाजपा नेत्री रंजना साहू को विगत दिनों प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति से गुरुर के भाजपाइयो में भी हर्ष का माहौल है। धमतरी और गुरूर एक दूसरे से लगे हुए हैं, ऐसे रंजना साहू की नियुक्ति का जश्न गुरुर में भी मनाया गया। खास बात यह है कि गुरुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू की रंजना साहू सभी भांजी भी है। इस नियुक्ति को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने विशेष हर्ष जताते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष हमारे भांजी रंजन साहू को बनाया जाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। साथ ही संगठन को एक महिला का नेतृत्व दिया जाना भी नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। इस नियुक्ति पर रंजना साहू का कहना है कि मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता, जिसने जमीनी स्तर से शुरुआत की थी, आज उसे प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, यह मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि मैं विश्वास दिलाती हूं कि मुझे प्रदेश में जो भी कार्य सौंपा जाएगा, मैं उसे पूरी ईमानदारी और



कर्मठता के साथ निभाऊंगी। जिस विश्वास के साथ उन्हें पद दिया गया है वे उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। आपको बता दें कि रंजना मुखर और प्रभावी कार्यशैली के लिए जानी जाती है। उन्हें उत्कृष्ट विधायक का सम्मान भी मिल चुका है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश प्रवक्ता के रूप में भी अपनी बखूबी भूमिका निभाई है संगठन के प्रति उनके समर्पण और सक्रियता को देखते हुए उन्हें भाजपा उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उनको भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर गुरुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, गुरुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष आनंद शर्मा आदि ने बधाई प्रेषित की है

संपादकः माधुरी दीपक यादव, सलाहकार संपादक-यशवंत पुरी गोस्वामी, उप संपादक- मधू दीपक देवदास,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - मुनेंद्र यादव